(ग) यदि हां, तो क्या इस मामले में कोई निर्णय लिया गया है या लिये जाने की संभावना है ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल)** : (क) से (ग) परिवहन सेक्टर के लिए एक अच्छी एकीकृत दीर्घ-कालीन भावी योजना का विकास करने की दृष्टि से योजना आयोग ने परिवहन योजना के लिए एक संचालन समिति की स्थापना की थी। संचालन समिति को आधार-सामग्री उपलब्ध करने की दृष्टि से से श्री जे०आर०डी० टाटा की अध्यक्षता नागर विमानन पर एक योजना ग्रुप का गठन किया गया था। इस ग्रुप की सिफारिशों तथा एयर इंडिया और इंडियन एयर-लाइन्स की प्रचालन कुशलता एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा में सुधार करने संबंधी सिफारिशों पर योजना आयोग की संचालन समिति विचार कर रही है। परिवहन योजना से संबंधित संचालन समिति की रिपोर्ट मिलने तक सरकार द्वारा, नागर विमानन से संबद्ध ग्रुप जैसे विशेषज्ञ ग्रुपों की सिफारिशों पर कोई औपचारिक दृष्टिकोण नहीं अपनाया गया है।

**एयर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स के कर्मचारियों का तस्करी संबंधी गतिविधियों में अंतर्ग्रस्त होना**

6. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्षवार, एयर इंडिया तथा इंडियन एयर-लाइन्स के कितने कर्मचारी तस्करी संबंधी गतिविधियों में अन्तर्ग्रस्त पाये गये ;

(ख) इनमें से प्रत्येक कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए कि एयर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स के कर्मचारी ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों, सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल)** : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तस्करी गतिविधियों में अन्तर्ग्रस्त पाए गए दोनों संगठनों के कर्मचारियों की संख्या इस प्रकार है :—

| वर्ष | 1985-86 | 1986-87 | 1987-88 | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| एयर इंडिया . . . | 11 | 6 | 8 | 25 |
| इंडियन एयरलाइन्स . . | 5 | 3 | 3 | 11 |

(ख) एयर इंडिया के 25 कर्मचारियों में से 18 को निलंबित कर दिया गया है जिनके विरुद्ध विभागीय/अंतिम कार्रवाई चल रही है। एक कर्मचारी के मामले में विभागीय कार्रवाई चल रही है। तीन कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया है और तीन कर्मचारियों को सेवा से बरखास्त कर दिया गया है।

जहां तक इंडियन एयरलाइन्स का संबंध है 11 कर्मचारियों में से 3 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है जिनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई चल रही है। 7 कर्मचारियों के मामले पर विभागीय कार्रवाई चल रही है। एक कर्मचारी को सीमाशुल्क ने बरी कर दिया है।

(ग) समय-समय पर सतर्कता कार्य की पुनरीक्षा की जाती है। ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के भी अनुदेश जारी किए गए हैं जो तस्करी गतिविधियों में अंतर्ग्रस्त पाये जाते हैं।

**Restoration of Kakinada- Kotipalli rail line in the works programme**

7. SHRI YALLA SESI BHUSHANA RAO: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to refer to answer to Unstarred Question 1164